हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 19 फरवरी 2026

[नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी]

04 39 टीनशेड दुकानों में से खुल रही हैं केवल चार...



05 सामुदायिक स्वच्छता परिसर बदहाल टूटे...



## खबर संक्षेप

### दीनदयाल रसोई का किया नपाध्यक्ष ने निरीक्षण

**नर्मदापुरम।** नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा सेठानीघाट स्थित डे एनयूएलएम के माध्यम से संचालित दीनदयाल रसोई योजना का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने संचालक को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि भोजन साफ सफाई से बनाया जाए। जो भी भोजन करने यहां तो उन्हें पर्याप्त और ताजा भोजन उपलब्ध कराएं। उन्होंने वहां भोजन कर रहे लोगों से भोजन के संबंध में जानकारी भी ली। उन्होंने बारीकी से भोजन बनाने की जगह का अवलोकन किया।

### वार्ड 30 में सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण



**नर्मदापुरम।** नगर के सभी वार्डों में विकास कार्य चल रहे हैं। नगर में सीसी रोड का जाल बिछाया जा रहा है, जिससे नागरिकों को सीधा लाभ मिल रहा है। वार्ड 30 में बन रही सड़क का नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा किया गया। साथ ही उसकी गुणवत्ता भी देखी। उन्होंने निर्माण एजेंसी को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण और समय सीमा में पूरा करें। जिससे नागरिकों को जल्द से जल्द लाभ मिले। लेटलतीफी बर्दास्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान वार्ड पार्षद रेखा यादव एवं निर्माण एजेंसी के कर्मचारी उपस्थित थे।

### आज मनाएंगे शिवाजी महाराज की जयंती

**नर्मदापुरम।** पूर्व वर्षों की तरह क्षत्रिय मराठा नवनिर्माण सेना के द्वारा गुरूवार को प्रातः 10 बजे से शिवाजी चौक पर छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती भक्ति भाव के साथ समारोह पूर्वक मनाई जाएगी। इस संबंध में आयोजन समिति के समाजसेवी कमल राव चव्हाण ने बताया कि शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर हर वर्ष की तरह संगठन के पदाधिकारी व सदस्यगण समय पर शामिल होकर जयंती समारोह में एकत्रित होंगे। इस मौके पर संगठन द्वारा एक प्रस्ताव पास कर जनप्रतिनिधियों से मांग की जाएगी।

# जीवन बचाने वाला एसडीईआरएफ का बहादुरी भरा रहा रेस्क्यू ऑपरेशन!

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पचमढ़ी में महा शिवरात्रि मेले में हजारों श्रद्धालु महादेव के दर्शन को आते हैं। जिनके साथ दुर्घटनाएं भी होती हैं। इस वर्ष पहाड़ी दुर्घटना में एसडीईआरएफ टीम ने घाटी में गिरे घायलों को बचाया तथा मृत व्यक्ति का शव भी गहरी खाई से निकालकर परिजनों को सौंपा है।

एसडीईआरएफ के सैनिक दीवेश शर्मा से प्राप्त जानकारी अनुसार दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों में 12 से 14 फरवरी 2026 के बीच लगातार चली रेस्क्यू कार्रवाई ने आपदा प्रबंधन दल की तत्परता और साहस को सामने ला दिया। गत दिनों दुर्घटना की सूचना मिलते ही एसडीईआरएफ सैनिक 302 दीवेश शर्मा तथा सिविल डिफेंस सेमरी खुर्द की टीम ने जोखिम भरे हालात में रातभर अभियान चलाकर मिसाल पेश की।

12 फरवरी की शाम लगभग सात बजे प्लाटून कमांडर शिवराज चौधरी से टीम को भैंरो गुफा पॉइंट से दुर्घटना की सूचना प्राप्त हुई। इसके बाद सैनिक 302 दीवेश शर्मा के नेतृत्व में सिविल डिफेंस के सूरज सिसोदिया, शिवा सिसोदिया, कुंदन सिसोदिया, अभिषेक सिसोदिया, आदर्श सिसोदिया एवं ओम सिसोदिया की टीम तत्काल रवाना हुई। टीम ने रात 8:30 बजे ग्राम नांदिया पहुंच थाना प्रभारी को रिपोर्टिंग की व रात में ही नंदीगढ़ की पहाड़ी की ओर बढ़ी। अंधेरे में डेढ़ घंटे सर्चिंग के बाद नंदीगढ़ की 300 फीट गहरी खाई में एक अज्ञात व्यक्ति मृत अवस्था में मिला। रात्रि में रेस्क्यू संभव नहीं था तो टीम ने रात्रि विश्राम के बाद सुबह कार्रवाई का निर्णय लिया। इस बीच रात एक बजे पचमढ़ी कंट्रोल रूम से काली चट्टान क्षेत्र में दो व्यक्तियों के गिरने की सूचना मिली। टीम तुरंत मौके पर पहुँची और दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार देकर परिजनों को सुपुर्द किया।



### 300 फीट नीचे उतरी टीम

13 फरवरी की सुबह एएसआई गणेश उइके और कोटवार मुकेश मेहरा के साथ नांदिया क्षेत्र में टीम पहुंची व संयुक्त अभियान चलाया। टीम ने 300 फीट गहराई में उतरकर जोखिमपूर्ण परिस्थितियों में शव को बाहर निकाल नांदिया पुलिस के सुपुर्द किया। 14 फरवरी की सुबह लगभग 11 बजे भैंरो गुफा के समीप एक व्यक्ति के पहाड़ी से गिरने की सूचना मिली। टीम तत्काल मौके पर पहुंची व लगभग 50 फीट नीचे गिरे 54 वर्षीय रामशंकर मुकाजी निवासी ग्राम सिराटा जिला छिंदवाड़ा को घायल अवस्था में बाहर निकाला व प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें परिजनों के सुपुर्द किया गया।

### सतर्कता, समन्वय और साहस ही जीवन

हरिभूमि को सैनिक दीवेश शर्मा ने बताया कि लगातार तीन दिनों तक दुर्गम पहाड़ियों, गहरी खाइयों व रात्रिकालीन परिस्थितियों में अभियान चलाए गए। इन अभियानों ने स्पष्ट कर दिया है कि आपदा के समय सतर्कता, समन्वय और साहस ही जीवन रक्षा का सबसे बड़ा आधार हैं। एसडीईआरएफ और सिविल डिफेंस टीम ने अपने कर्तव्य के प्रति समर्पण और जोखिम उठाने की क्षमता से क्षेत्र में भरोसा और सुरक्षा की भावना को मजबूत किया है।

## जिले के सिवनी मालवा और इटारसी थाना क्षेत्र का मामला

# विवाद में बर्बरता: युवक के नाखून उखाड़े दूसरे पर चाकू से किया हमला, 6 पर केस

जिले के बानापुरा में युवक अल्ताफ शाह को जबरन उठाकर चापादेवड़ी के पास ले जाया गया और बेरहमी से पीटा गया। हमले में दोनों हाथ-पैर तोड़ दिए गए, उंगलियों के नाखून उखाड़ दिए गए। हालत गंभीर, जिला अस्पताल में भर्ती। छह आरोपियों पर एफआईआर दर्ज की गई है उनकी तलाश जारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

पुरानी रंजिश के चलते युवक को वाहन में डालकर ले जाया गया और लाठी-धारदार हथियारों से हमला किया गया। पुलिस ने नामजद मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित अल्ताफ शाह ने पुलिस को बताया कि वह बानापुरा में निजी काम से गया था। इसी दौरान आरोपी वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए उसे जबरन गाड़ी में बैठा लिया। इसके बाद उसे शिवपुर थाना क्षेत्र के चापादेवड़ी गांव के पास एक सुनसान स्थान पर ले जाया गया। वहां आरोपियों ने लाठियों और धारदार हथियारों से उस पर हमला कर दिया।

### तड़पता छोड़ आए



हमले के बाद आरोपी उसे तड़पता हुआ छोड़कर फरार हो गए। किसी तरह अल्ताफ ने अपने परिजनों को फोन कर घटना की जानकारी दी। परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। युवक के दोनों हाथ और दोनों पैर टूट चुके हैं तथा बाएं हाथ की दो उंगलियों और अंगूठे के नाखून उखाड़ दिए गए हैं। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। अल्ताफ शाह ने पुलिस को बताया कि करीब एक वर्ष पूर्व उसका मुनीश कुरैशी से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। उस दौरान अल्ताफ ने मुनीश पर तलवार से हमला कर दिया था। तभी से मुनीश उससे रंजिश रखता था। पीड़ित का आरोप है कि इसी पुरानी दुश्मनी के चलते मुनीश ने अपने परिजनों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया। थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर सप्पा कुरैशी, सिद्दीक कुरैशी, मुनीश कुरैशी, मुस्सू कुरैशी, जीशान कुरैशी और मुस्ताक कुरैशी के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

### रेलवे स्टेशन के सामने चाकूबाजी युवक पर हुआ जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर के रेलवे स्टेशन के सामने बीती रात उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक चाय की दुकान पर कुछ बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद निजी अस्पताल रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार, घटना रात करीब 12:30 बजे पेट्रोल पंप के पास स्थित एक चाय की दुकान की है। पीड़ित परवेज़ तौफ़ीक खान चाय पी रहा था, तभी वहां 6-7 युवक पहुंचे। हमलावरों ने तौफ़ीक से शराब पीने के लिए पैसों की मांग की। जब तौफ़ीक ने पैसे देने से इनकार कर दिया, तो आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और अचानक चाकू निकालकर हमला कर दिया। चाकू तौफ़ीक की जांघ में लगा है, जिससे उसकी हड्डी टूट गई है और घाव गहरा होने के कारण 6-7 टांके आए हैं।

घटना के तुरंत बाद घायल तौफ़ीक को शासकीय अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, स्थिति की गंभीरता और पैर की हड्डी टूटने के कारण डॉक्टरों ने उन्हें नर्मदापुरम रैफर कर दिया। परिजनों ने उसे वहां के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उनका उपचार जारी है। मुख्य आरोपियों की पहचान पीपल मोहल्ला निवासी शेनू और उसके एक साथी के रूप में हुई है। माना जा रहा है कि शराब के पैसे मांगना महज एक बहाना था, असल में हमला पुरानी रंजिश को भुनानाथा। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश तेज कर दी है।

# बैठक: होली और रंग-पंचमी पर्वों के दौरान विशेष चौकसी रखी जाए: कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

आगामी त्यौहारों पर कानून व्यवस्था के संबंध में मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सोनिया मीना की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शांति समिति के सदस्यों द्वारा आगामी पर्वो पर आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई एवं सुझाव दिए गए।

बैठक में कलेक्टर द्वारा सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि आगामी त्यौहारो को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस, ट्रैफिक, आबकारी, होमगार्ड आदि विभाग अलर्ट मोड पर रहे। कलेक्टर ने निर्देश दिए की घाटों पर होमगार्ड विभाग द्वारा पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि घाटों पर स्नान दान एवं धार्मिक आयोजनों के दौरान होमगार्ड के जवान एवं गोताखोर उपस्थित रहे। कलेक्टर ने आगामी होली एवं धूलेंडी त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए निर्देश दिए कि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मैरिज गार्डन आदि में खेली जाने वाली होली एवं रंग पंचमी पर्वों के दिन विशेष चौकसी रखी जाए।

उन्होंने निर्देशित किया की समस्त अनुभागीय अधिकारी राजस्व अन्य विभागों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने सीएमओ को निर्देश दिए कि आगामी सभी पर्वों पर स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। त्योहारों के दौरान पेयजल, विद्युत आपूर्ति की भी बेहतर व्यवस्था रहें। कलेक्टर ने सीएमओ, एसडीओपी एवं सिटी मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए की आगामी पर्वों एवं त्योहार को देखते हुए जुलूस एवं चल समारोह के रूट, घाटों का भ्रमण कर आवागमन एवं अन्य व्यवस्थाओं को दुरूस्त करें।

# कमिश्नर ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में आयोजित हायर सेकेण्डरी की परीक्षा का आकस्मिक जायजा लेने बुधवार को कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी अपने प्रशासनिक अमले के साथ परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे। कमिश्नर ने आंचल खेड़ा, माखन नगर एवं सोहागपुर के परीक्षा केंद्रों का विशेष तौर पर निरीक्षण कर कक्षा 12वीं की चल रही परीक्षाओं का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने आदिवासी बाहुल्य ग्रामों नया कुकरा और नयागांव के आंगनबाड़ी केंद्रों एवं प्राथमिक शाला का भी निरीक्षण किया। तथा व्यवस्थाओं में और अधिक सुधार करने के निर्देश दिए।

कमिश्नर सबसे पहले पीएम श्री शासकीय उमावि आंचल खेड़ा पहुंचे यहां एक कक्ष में कक्षा बारहवीं के परीक्षार्थी केमिस्ट्री विषय की परीक्षा दे रहे थे, कमिश्नर ने परीक्षा केंद्र का अवलोकन किया। परीक्षा केंद्र में 20 परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे थे मौके पर सभी परीक्षार्थी उपस्थित पाए गए। परीक्षा केंद्र की व्यवस्था भी संतोषजनक पाई गई। मौके पर ही केंद्र अध्यक्ष प्रभु दयाल शर्मा एवं शिक्षक गण मौजूद थे। परीक्षा केंद्र की अन्य व्यवस्थाएं भी संतोषजनक पाई गई। कमिश्नर ने परीक्षा मंडल के निर्देश अनुसार पारदर्शी एवं पूर्ण स्वच्छता के साथ यथावत परीक्षा आयोजित करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात कमिश्नर अपने प्रशासनिक अमले के साथ माखन नगर पहुंचे।



### रेलवे कर्मचारियों के हित में लिए ऐतिहासिक निर्णय



**इटारसी।** वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ और नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवेमेन के साझा प्रयासों से रेलवे कर्मचारियों के हित में कई ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। हाल ही में रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली में एनएफआईआर के संयुक्त महामंत्री अशोक शर्मा और रेलवे बोर्ड के एडिशनल मेंबर (ट्रैक्शन) सोमेश कुमार के बीच हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित मांगों पर सहमति बनी है। बैठक में जबलपुर जोन के रनिंग स्टाफ से जुड़े मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई। संघ की मांग पर रनिंग स्टाफ की कमी को दूर करने के लिए तत्काल 500 प्रशिक्षुओं को असिस्टेंट लोको पायलट की ट्रेनिंग हेतु भेजने का निर्णय लिया है।

### त्वरित सहायता और परामर्श प्रयासों की सराहना



**नर्मदापुरम।** विशेष प्रतिवेदक ने वन स्टॉफ सेंटर के सस्टॉफ से परिचय प्राप्त कर उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने केन्द्र में संचालित गतिविधियों और पीड़िताओं को त्वारित सहायता, परामर्श एवं संरक्षण प्रदान करने के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी ललित डेहरिया, परियोजना अधिकारी प्रमोद गौर, बाल संरक्षण अधिकारी आशु पटेल तथा वन स्टाप सेंटर के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# माया व गढ़ा सोना निकालने के नाम पर 1 करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कोतवाली थाना क्षेत्र में माया और गड़ा सोना निकालने के नाम पर 1 करोड़ 4 लाख की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है जिसमें पुलिस ने आरोपी को गिरप्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 17 फरवरी को फरियादी राकेश कुमार वर्मा उम्र 63 वर्ष, निवासी मदन कॉलोनी,द्वारा आरोपी अंकित शर्मा, निवासी आदर्श नगर आईटीआई, नर्मदापुरम के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत में बताया गया कि आरोपी, जो पूर्व में फरियादी का कार चालक था, ने विश्वास में लेकर तंत्र-मंत्र एवं दफ़ीना (माया) से संबंधित मनगढ़ंत कहानियां सुनाईं। आरोपी ने अपने घर में खुदाई कर गड़ा हुआ सोना मिलने का झांसा दिया तथा एक पोटली निकालकर पुलिस कार्रवाई का भय दिखाते हुए उसे फरियादी की तिजोरी में रखवा दिया। कुछ दिनों बाद आरोपी ने उज्जैन के एक काल्पनिक महाराज की कहानी गढ़कर यह कहा कि पोटली की जानकारी पुलिस को लग गई है। नकली व्यक्ति को पुलिस के सामने पेश करने एवं जेल से बचाने के नाम पर आरोपी ने लाखों रुपये ऐंठ लिए। बाद में कथित साधु की हत्या की झूठी कहानी सुनाकर फरियादी को भयभीत किया गया और इस प्रकार ऑनलाइन ट्रांजेक्शन, नगद राशि एवं गोल्ड लोन के माध्यम से कुल 1 करोड़ 4 लाख 14 हजार 150 की धोखाधड़ी की गई।

## भौतिक नहीं, मन,वचन, कर्म की है परिक्रमा, कल करेंगे शुरूआत

# नर्मदा परिक्रमा आत्मजागरण की साधना है:आचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

20 फरवरी को नर्मदापुरम से शुरू होने वाली नर्मदा परिक्रमा केवल दर्शन के लिए नहीं, बल्कि आत्मा की शांति और जीवन के संतुलन के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। यह बातें प्रेसवार्ता में आचार्य सोमेश परसाई ने कही। उन्होंने बताया कि नर्मदा परिक्रमा केवल तीर्थ-दर्शन नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, तप और मां के चरणों में पूर्ण समर्पण की साधना है। आज कल मनुष्य तनाव और भागदौड़ में घिरा हुआ है। ऐसे समय में मां नर्मदा की शरण में जाकर आत्मचिंतन और ईश-स्मरण ही जीवन को संतुलन देता है।

आचार्य श्री ने बताया कि पिछले दस वर्षों से परिक्रमा का भाव मन में था, अब मैया की कृपा से संकल्प पूर्ण हो रहा है। 20 फरवरी से प्रारंभ होने वाली इस पुण्य यात्रा में लगभग 100 श्रद्धालु सहभागी होंगे। परिक्रमा का शुभारंभ नर्मदापुरम से होगा, जहां सतरास्ता तक रामनाम संकीर्तन किया जाएगा। तत्पश्चात भक्तमंडल ओंकारेश्वर धाम की ओर प्रस्थान करेगा। परिक्रमाकाल में प्रतिदिन मां नर्मदा का पूजन-अभिषेक, कन्या पूजन, गुरु वंदन तथा सत्संग के माध्यम से भक्ति और साधना का क्रम निरंतर चलता रहेगा। यह यात्रा बाह्य नहीं, अंतर्मन की परिक्रमा है।



### आंतरिक शांति और आत्म साक्षात्कार प्राप्त करेंगे

नर्मदा परिक्रमा के दौरान प्रतिदिन मां नर्मदा के पूजन-अभिषेक, कन्या पूजन, गुरूपूजन और सत्संग का आयोजन होगा। आचार्य श्री ने बताया कि यह यात्रा केवल भौतिक यात्रा नहीं है, बल्कि मन, वचन और कर्म की परिक्रमा है। श्रद्धालु इस दौरान अपने जीवन की उलझनों से मुक्त होकर, आंतरिक शांति और आत्मसाक्षात्कार प्राप्त करेंगे। नर्मदा परिक्रमा का महत्व सिर्फ धार्मिक नहीं, बल्कि यह जीवन को संतुलित, सरल और उद्देश्यपूर्ण बनाने वाली साधना भी है। आचार्य सोमेश परसाई ने भक्तों से आह्वान किया कि यात्रा में भाग लेकर मां नर्मदा की ऊर्जा और कृपा को अपने जीवन में अनुभव करें। आचार्य सोमेश परसाई ने मां नर्मदा के पवित्र अवतरण और अलौकिक रूप की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि नर्मदा का प्रत्येक कंकर शिवलिंग समान परमशिव का अवतार है। नर्मदा जल और उसके कंकर की दिव्यता अस्थियों और शरीर को भी शुद्ध कर, मन और आत्मा को शंकर रूप प्रदान करती है। यह संदेश श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक जागृति, भक्ति और परमपवित्रता का प्रेरक स्त्रोत बनता है। आचार्य श्री बताया कि नर्मदा केवल नदी नहीं, बल्कि धार्मिक साधना, तप और आत्मशुद्धि की मूर्त रूप है। नर्मदा के प्रति श्रद्धा रखने वाला भक्त शिव स्वरूप ऊर्जा से आलोकित और जीवन में पवित्रता प्राप्त करता है। यह कथा न केवल परिक्रमा के महत्व को उजागर करती है, बल्कि भक्ति और शास्त्रीय ज्ञान की दिव्यता भी दर्शाती है। नर्मदा परिक्रमा 21 दिनों की रहेगी। इस दौरान परिक्रमाकर्ता अपने साथ शुद्ध तांबे के सिक्के जो अपने साथ नर्मदा में प्रवाहित करने ले जाएंगे।

# कन्याकुमारी से कश्मीर तक किसान जागृति यात्रा पहुंची नर्मदापुरम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्यों ने बुधवार को नर्मदापुरम की कृषि उपज मंडी में पत्रकार वार्ता कर किसानों की समस्याओं और आगामी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। संगठन ने स्पष्ट किया कि यह यात्रा गैर-राजनीतिक है और इसका उद्देश्य केवल किसानों के हितों की रक्षा करना है। संयुक्त किसान मोर्चा के मुताबिक, इस जागृति यात्रा का मुख्य लक्ष्य हैय किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य कानून दिलाना। भारत और अमेरिका के बीच होने वाले ट्रेड समझौते को रोकना, जिसे किसान नेता काला कानून मानते हैं। राष्ट्रीय किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि बैतूल के किसान बहुत परेशान हैं। मक्का के उचित भाव नहीं मिलने के कारण उन्हें मजबूरी में अपनी फसल सस्ते दामों पर बेचना पड़ रहा है।

किसान नेता अभिमन्यु कोहार ने भी अमेरिका से हुई ट्रेड डील की कड़ी आलोचना की और इसे किसान विरोधी बताया। उन्होंने संयुक्त किसान मोर्चा की योजना है कि 19 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में एक बड़ी किसान सभा आयोजित की जाएगी। इस सभा में एमएसपी कानून और अमेरिका-भारत ट्रेड डील पर चर्चा होगी। जिसमें देशभर के किसान जुटेंगे। वहीं लीलाधर राजूपत ने सरकार को किसान विरोधी बताया।



## खबर संक्षेप

### महिला ने खाया जहर इलाज के दौरान मौत

**बैतूल।** आठनेर थाना क्षेत्र के ग्राम पानबेहरा में एक 45 वर्षीय महिला की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। महिला ने मंगलवार शाम जहरीले पदार्थ का सेवन किया था। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां बुधवार सुबह इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका की पहचान पानबेहरा निवासी मथुरा पति जयराम धुर्वे (45) के रूप में हुई है। जहर पीने के बाद उसे चक्कर, उल्टी और घबराहट होने लगी। परिजनों ने तुरंत महिला को आठनेर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल बैतूल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल पहुंचने पर बुधवार सुबह महिला की हालत और बिगड़ गई, जिसके बाद उसे आईसीयू वार्ड में भर्ती किया गया। सुबह करीब 8 से 9 बजे के बीच इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बुधवार को जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### धूमधाम से मनाया जाएगा संत गाडगे बाबा जन्मोत्सव

**बैतूल।** संत गाडगे बाबा सेवा समिति की बैठक समाज के आराध्य संत गाडगे बाबा का जन्म उत्सव की तैयारियों को लेकर टिकारी में संपन्न हुई। प्रदेश अध्यक्ष श्याम सेवतकर बताया कि 23 फरवरी को सुबह 8 बजे हवन पूजन, 10:30 बजे पालकी यात्रा, क्रिश मेमोरियल अस्पताल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 10 बजे से, समाज की प्रतिभाओं, खिलाडि?ों, रक्तदाताओं का सम्मान, युवक-युवती परिचय सम्मेलन 12 बजे से आयोजित किया जाएगा। प्रदेश सहसंगठन मंत्री अनिल ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर दायित्व सौंप दिए गए हैं और गांव-गांव व घर-घर जाकर स्वजातीय बंधुओं को आमंत्रित किया जा रहा है। बैठक का संचालन सीके गाडगे ने और आभार सुनील मोखेड़े ने व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ.सीके गाडगे, संदीप सोलंकी, श्रावण उमरे, रमेश आदि रहे मौजूद।

### 85 दुकानदारों को विस्थापित करने आवंटित किए हैं भूखंड

# 39 टीनशेड दुकानों में से खुल रही हैं केवल चार ही दुकानें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

**अभिनंदन सरोवर के पीछे नगरपालिका ने 85 दुकानदारों को विस्थापित करने के लिए प्रोजेक्ट बनाया था। इस प्रोजेक्ट को आनन-फानन में पूरा करने के लिए 39 दुकानें बना दी। लेकिन इन दुकानों में अब तक बिजली और सामने सड़क तक नहीं बनी है। यहां पीने के पानी के इंतजाम के नाम पर एक नल कनेक्शन है। यहीं वजह है कि 39 में से केवल 4 दुकानें ही यहां चालू की हैं।**

बता दे कि 21 साल पहले अभिनंदन सरोवर के पीछे नगरपालिका ने 85 दुकानदारों को विस्थापित कर दुकानें लगाने भूखंड आवंटित किये थे। करीब दो-तीन महीने पहले ही में यहां 39 टीन शेड की दुकानें बनी है। लेकिन यहां न तो बिजली की व्यवस्था हुई है, न ही सडक और पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। बिजली व्यवस्था न होने से दुकानदार अब भी सडक किनारे अतिक्रमण कर दुकानें चला रहे हैं। इनमें से अधिकांश दुकानदारों का व्यवसाय बिजली पर आधारित है। ऐसे में बिना बिजली उनकी दुकानें चल पाना संभव नहीं है। कई दुकानदारों ने अपने खर्च पर टीनशेड डालकर दुकानें तैयार भी कर ली हैं, लेकिन सुविधाओं के अभाव में उन्हें शुरू नहीं कर पा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, यह वही 85 दुकानदार हैं, जिनसे वर्ष 2005 में नगरपालिका ने विस्थापन के नाम पर 5-5 हजार रुपए जमा कराए थे। करीब 21 साल बाद इनका पुनर्वास तो किया गया, लेकिन अधूरे प्रबंधन की वजह से वह अब भी स्थायी ठौर से वंचित हैं।

### दुकानें बनवाने विधायक ने दी थी सहायता राशि

स्थानीय विधायक द्वारा इन दुकानदारों को सहायता राशि भी दी गई थी, ताकि वे एक जैसी दुकानें बनवा सकें। कुछ दुकानदारों ने यहां टीनशेड से दुकानों का निर्माण तो कर लिया है, लेकिन सुविधाओं के अभाव के कारण दुकानों का संचालन शुरू नहीं कर पा रहे है। दुकानदारों का कहना है कि नगरपालिका ने दुकानदारों को विस्थापित करने के लिए भूखंड तो आवंटित कर दिये, लेकिन अन्य सुविधाएं अभी तक उपलब्ध नहीं कराई है। सुविधाओं के अभाव में न दुकानदार दुकानें शुरू कर पा रहे है और न ही ग्राहक आ रहे है। इसी वजह से टीनशेड की दुकानें बनाने के बावजूद दुकानों का संचालन शुरू नहीं कर पा रहे है। दुकानदारों का कहना है कि नगरपालिका अधिकारियों से सुविधाओं को लेकर चर्चा की जाती है तो वह आश्वासन देकर दुकानदारों की मांगों को टाल जाते है। ऐसे में सुविधाओं के अभाव में यहां दुकानों का संचालन कर पाना मुश्किल हो रहा है। सभी दुकानें नहीं खुलने के कारण यह मार्केट सूना नजर आता है। जिसके कारण ग्राहक भी बहुत कम संख्या में पहुंच रहे है। जिससे ग्राहकी नहीं हो रही है, इसलिए उन्हें पुरानी दुकान से ही अपना व्यवसाय चलाना पड़ रहा है।

### बिजली नहीं होने से दुकानदार परेशान

अभिनंदन सरोवर के पीछे नगरपालिका ने 85 दुकानदारों को विस्थापित कर दुकानें लगाने भूखंड आवंटित किये है। लेकिन बिजली कनेक्शन के लिए अभी तक ट्रांसफार्मर, पोल और लाइन बिछाने का काम अब तक शुरू नहीं हुआ है। सडक़ को लेकर अभी तक नपा द्वारा कोई ठोस योजना नहीं बनाई है। दुकानदारों का कहना है कि अभिनंदन सरोवर के पीछे नई दुकान अलॉट हो गई, लेकिन वे अपनी पुरानी दुकान में ही व्यापार कर रहे हैं। दुकानदारों ने बताया कि बिजली तो फिलहाल नहीं है। लेकिन हमें यहां दुकान में बैठने के नगरपालिका से निर्देश मिले थे इस कारण हमने यहां पर काम शुरू करवा दिया है। जल्द इंतजाम करवाने ट्रांसफार्मर लगवाने संबंधी आश्वासन दिया गया है। पेवर ब्लॉक भी जल्द लगने वाले हैं।

### शाम होते ही करनी पड़ती है दुकानें बंद

अभिनंदन सरोवर के पीछे 39 टीनशेड की दुकानें बनी है। इसमें से चार-पांच ही दुकानें खुल रही है। यह दुकानें भी दिन में खुली रहती है और शाम होते ही दुकानें बंद करनी पड़ती है। दुकानदारों ने बताया कि बिजली की व्यवस्था नहीं होने की वजह से शाम के समय अंधेरा छा जाता है। मोमबत्ती या एमरजेंसी लाइट चार्ज करके लाते है, तो वह भी दो घंटे ही चल पाता है। सुविधाएं नहीं होने के वजह से अपेक्षाकृत ग्राहक भी नहीं आ रहे है। ऊपर से शाम होते ही अंधेरा होने के कारण दुकानें बंद करनी पड़ती है। दुकानदारों का कहना है कि यदि नगरपालिका यहां सुविधाएं उपलब्ध कराये तो सभी दुकानें खुलने लगेगी, जिससे यहां मार्केट जैसा माहौल रहेगा और ग्राहक भी पहुंचेगे, लेकिन सुविधाएं कब तक मिलेगी, यह पता नही है।

### सड़क किनारे लगा रहे दुकानें

भूखंड आवंटित और दुकानें बनाने के बाद भी दुकानदार सडक़ किनारे अस्थाई रूप से दुकानें लगा रहे है। जिससे शहर की सडकों पर अतिक्रमण तो नजर आता ही है, साथ ही सडकों की चौड़ाई प्रभावित होने से बार-बार जाम और दुर्घटनाओं का अंदेशा भी बना रहता है। सबसे खराब स्थिति साप्ताहिक बाजार वाले दिन निर्मित होती है, जब अस्थाई दुकानदारों के अलावा सब्जी बाजार में दुकान लगाने वाले विक्रेता आते है। इससे व्यवस्थाएं पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो जाती है। साप्ताहिक बाजार वाले दिन तो हालात इतने खराब हो जाते है कि लोगों को घंटो जाम में फंसे रहना पड़ता है।

#### इनका कहना है

अभिनंदन सरोवर के पीछे जो दुकानें बनाई हैं, उनमें जल्द बिजली के इंतजाम करने ट्रांसफार्मर लगाया जाना हैं। इसके लिए हमें पांच लाख रूपये जमा करवाने हैं। जल्द ही राशि जमा करवा देंगे। यहां पेवर ब्लाक भी लगा दिए जाएंगे।

**- सतीश मटसेनिया,** सीएमओ, नगर पालिका बैतूल

# कक्षा 5वीं व 8वीं की बोर्ड पैटर्न पर आधारित वार्षिक परीक्षा 20 कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार कक्षा 5वीं एवं 8वीं की बोर्ड पैटर्न पर आधारित वार्षिक परीक्षा-2026 आगामी 20 फरवरी से 28 फरवरी तक दोपहर 2 बजे से 4.30 बजे तक आयोजित होगी। जिला शिक्षा केंद्र के जिला परियोजना समन्वयक ने बताया कि वार्षिक परीक्षा 2026 के लिए जिले के 10 विकासखंडों में 278 परीक्षा केन्द्र शासकीय एवं अशासकीय शालाओं में बनाए गए है। परीक्षा केन्द्रों पर केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्षों की नियुक्ति कर दी गई है। विकासखंड मुख्यालय पर समस्त केन्द्राध्यक्षों एवं सहायक केन्द्राध्यक्षों की बैठक आयोजित कर परीक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों से अवगत करा दिया गया है। समस्त परीक्षा केन्द्राध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि कक्षा 5 एवं 8 में पंजीकृत कोई भी छात्र परीक्षा में बैठने से वंचित न रहे। वार्षिक परीक्षा 2026 में कक्षा 5वीं के हिन्दी, अंग्रेजी एवं उर्दू माध्यम के 23138 एवं कक्षा 8वीं के हिन्दी, अंग्रेजी एवं उर्दू माध्यम के 22189 इस प्रकार कक्षा 5 एवं 8 में कुल 45327 बच्चे सम्मिलित होगें। समस्त छात्रों को शाला स्तर से प्रवेश पत्रों का वितरण कर दिया गया है। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए प्रत्येक विकासखंड स्तर पर बीईओ, बीआरसी संकुल प्राचार्य, बीएसी एवं सीएसी को सम्मिलित करते हुए 3 एवं जिला स्तर से कार्यालय सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र एवं डाइट प्रभात पट्टन से 4 निरीक्षण दलों का गठन किया गया है, जो परीक्षा अवधि में परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करेगें। विकास खंडों को गोपनीय सामग्री एवं उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण 18 फरवरी को जिला स्तर से कर दिया गया है। समस्त छात्रों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को अवगत कराया गया है कि परीक्षा में शत प्रतिशत छात्रों की उपस्थिति सुनिश्चित हो। समस्त परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा की पूर्ण तैयारियां कर ली गई है।

### 12वीं के 11919 विद्यार्थियों ने 110 केंद्रों पर दी परीक्षा

**बैतूल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र भोपाल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा-2026 के तहत बुधवार को जिले में कक्षा 12वीं का रसायन शास्त्र, इतिहास, व्यव अध्ययन, एलिमेंट ऑफ साइंस, गृह प्रबंध विषय का प्रश्नपत्र शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि 12वीं बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में 110 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जिनमें कुल 12128 परीक्षार्थी दर्ज थे। इनमें से 11919 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 209 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए अधिकारियों ने 25 परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। परीक्षा के दौरान सुरक्षा और निगरानी के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे कहीं भी अव्यवस्था की स्थिति निर्मित नहीं हुई। उन्होंने बताया कि संयुक्त संचालक नर्मदापुरम के निरीक्षण दल द्वारा एमएलबी और कन्या शाला गंज के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि 19 फरवरी को कक्षा 10वीं का संस्कृत विषय का प्रश्न पत्र 127 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगा।

### बिजली विभाग की सेवाओं से ग्रामवासी संतुष्ट



**शाहपुर।** ग्राम बांका में बिजली सप्लाई और वोल्टेज की समस्या बनी हुई थी। जिसके चलते वहां के ग्रामीणों ने शनिवार 14 फरवरी को बिजली विभाग को सूचना देकर समस्या बताई थी। बिजली विभाग में पदस्थ जूनियर इंजीनियर हितेश कुमरे द्वारा समस्या पर तुरंत कार्रवाही करते हुए समस्या का निराकरण किया गया। उन्होंने एक ट्रांसफार्मर ग्राम बांका के लिए उपलब्ध कराकर स्थापित कर दिया। जिससे ग्रामवासी प्रसन्न है। उनके द्वारा बिजली विभाग के अधिकारी हितेश कुमरे और उनके कर्मचारियों का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया गया। ग्राम बांका के पवन वर्मा और ग्रामवासी ने बिजली विभाग शाहपुर का आभार व्यक्त किया।

### आजीवन सहयोग निधि व आगामी कार्यक्रम को लेकर जिले की बैठक संपन्न

# निर्धारित समय पर पूर्ण करें समर्पण निधि का लक्ष्यः सुधाकर पंवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

भाजपा जिला भाजपा कार्यालय विजय भवन में आयोजित आजीवन सहयोग निधि एवं अन्य आगामी कार्यक्रमो को लेकर कामकाजी बैठक संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने कहा कि अब मंडल स्तर पर अध्यक्ष प्रभारी एवं सह प्रभारी हमारे त्रिदेव की भूमिका में है। तीनो मिलकर बूथ स्तर तक प्रवास करें एवं पार्टी के लक्ष्य को समय पर पूर्ण करें। जिलाध्यक्ष श्री पंवार ने कहा कि पार्टी के सभी कार्यक्रम को हमारे कार्यकर्ता उत्साह पूर्वक संपन्न करते है। भाजपा एक कार्यकर्ता आधारित दल है एवं कार्यकर्ताओं के सहयोग से पार्टी की सभी




गतिविधियां सुचारू रूप से संचालित होती है। हर कार्यकर्ता के लिए काम और हर काम के लिए कार्यकर्ता यही हमारी पार्टी की कार्यपद्धति है। आगामी कार्यक्रम मन की बात कार्यक्रम 22 फरवरी को संपन्न होना है। जिसको लेकर कार्ययोजना बना ले एवं हर बूथ पर कार्यक्रम संपन्न करें। बजट का प्रचार प्रसार एवं वीबी जी राम जी के कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न होने पर जिलाध्यक्ष श्री पंवार ने सभी मंडल अध्यक्षो को बधाई दी। उन्होने कहा कि आगामी समय में पं.दीनदयाल उपाध्याय महा प्रशिक्षण अभियान के कार्यक्रम होने है मंडल स्तर पर मंडल अध्यक्ष एवं प्रभारी मिलकर आगामी कार्यक्रम की कार्ययोजना तैयार करें। बैठक को संबोधित करते हुए आजीवन सहयोग निधि के जिला प्रभारी दीपक सलूजा ने आजीवन सहयोग निधि संग्रहण को लेकर तकनीकि बाते सुक्ष्मता से साझा करते हुए कहा कि इस बार नगद राशि का कोई प्रावधान नही है। चेक के माध्यम से ही आजीवन निधि प्राप्त करना है। जिले के सभी 30 मंडलो में कार्य विभाजन कर राशि संग्रहण का कार्य प्रारंभ हो चुका है। जिले का लक्ष्य तय तारीख से पहले हासिल करने के लिए हमें आज से जुट जाना है। बैठक को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री कमलेश सिंह ने कहा कि पिछले सभी अभियान और कार्यक्रम हमने सफलता पूर्वक संपन्न किए है बजट 2026 के प्रचार प्रसार के कार्यक्रम सभी मंडलो में संपन्न हुए। विकास खंड स्तर पर वीबी जी राम जी अभियान के कार्यक्रम संख्यात्मक रूप से प्रभावशाली रहे है।

# भारत-अमेरिका ट्रेड डील और मनरेगा बदलाव के विरोध में 24 फरवरी को विधानसभा घेराव

### ब्लॉक स्तर पर 20 फरवरी को पुतला दहन, व्यापक जनसंपर्क और बैठकों के निर्देश

**बैतूल।** भारत-अमेरिका ट्रेड डील और मनरेगा में बदलाव को लेकर कांग्रेस ने निर्णायक आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशों के पालन में 24 फरवरी मंगलवार को विधानसभा घेराव का कार्यक्रम तय किया गया है। जिला कांग्रेस कमेटी बैतूल के अध्यक्ष निलय डागा ने स्पष्ट किया है कि जिले से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, किसान, मजदूर और युवा भोपाल पहुंचकर इस आंदोलन को मजबूती देंगे। जिला कांग्रेस कमेटी बैतूल के संगठन महासचिव ब्रज भूषण पांडे ने समस्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों को पत्र जारी कर दल-बल सहित भोपाल पहुंचने के निर्देश दिए हैं। जारी निर्देशों में कहा गया है कि मोदी सरकार द्वारा अमेरिका के साथ की गई ट्रेड डील देश की कृषि व्यवस्था पर सीधा हमला है। यह समझौता छोटे, सीमांत और मध्यम किसानों तथा व्यापारियों को असमान प्रतिस्पर्धा में धकेलने वाला है और देश की आर्थिक आत्मनिर्भरता को कमजोर कर बहुराष्ट्रीय कंपनियों को लाभ पहुंचाने का माध्यम बन रहा है। साथ ही केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा का नाम परिवर्तन कर एवं नियमों में बदलाव कर मजदूरी के कानूनी अधिकार को समाप्त करने की साजिश की गई है, जिसे गरीब विरोधी मानसिकता का प्रमाण बताया गया है। प्रदेश स्तर पर कांग्रेस ने तीन मंत्रियों के इस्तीफे की मांग को भी प्रमुख मुद्दा बनाया है। कफ सिरप से हुई मौतों के लिए जिम्मेदार बताए जा रहे मंत्री राजेन्द्र शुक्ला, सेना अधिकारी एवं महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी के आरोपों में घिरे मंत्री विजय शाह तथा भागीरथपुरा में दूषित जलप्रदाय से हुई मौतों के लिए दोषी ठहराए जा रहे मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को मंत्रिमंडल से हटाने की मांग उठाई गई है। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा सरकार की असफलताओं के कारण प्रदेश आर्थिक बदहाली और अराजकता के दौर से गुजर रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार 20 फरवरी को ब्लॉक स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, प्रदेश के मुख्यमंत्री और तीनों मंत्रियों का पुतला दहन किया जाएगा।

### संतोषजनक जवाब नहीं दिया तो कटेगा वेतन

# सीएम हेल्पलाइन में लापरवाही पर कलेक्टर ने 28 अधिकारियों को दिए कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायतों के निराकरण में लापरवाही सामने आने पर सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने समीक्षा बैठक में समय-सीमा के भीतर शिकायतें अटेंड नहीं करने पर जिले के 28 अधिकारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए हैं।

उन्होंने निर्देशित किया कि निर्धारित समय में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर संबंधित अधिकारियों के वेतन से कटौती की जाएगी। सीएम हेल्पलाइन में लापरवाही पर ऊर्जा विभाग के सहायक प्रबंधक सीएल साकोम, सहायक प्रबंधक यवन कुमार उइके, सहायक प्रबंधक क्षितिज मरावी, सहायक प्रबंधक मनोज इनवाती, सहायक प्रबंधक योगेश अहिरकर, विजय गुजरे, जेई दीपक सोलंकी, सहा-प्रबंधक श्री नितिन आसरेकर, सहा- प्रबंधक राकेश पवार, प्रबंधक




श्रीमती दीपशिखा इनवाती, सहा-प्रबंधक संतोष कुमार चंदेल को नोटिस जारी किया है। इसी प्रकार किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी खाद्य ललित लहरपुरे, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आशीष कुमार कुमरे, नगरीय विकास एवं आवास विभाग सीएमओ अरुण श्रीवास्तव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बैतूल श्रीमती शिवानी राय, महिला एवं बाल विकास विभाग सीडीपीओ प्रभारी श्रीमती गीता मालवीय, सीडीपीओ श्रीमती संगीता धुर्वे, राजस्व विभाग तहसीलदार शाहपुर टी. विस्के, तहसीलदार प्रभातपट्टन यशवंत सिंह गिन्नारे, तहसीलदार मुलताई संजय बरैया, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग औषधि निरीक्षक संजीव जादौन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत प्रभात पट्टन आंचल पवार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत तीजा पवार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भैंसदेही रितेश चौहान, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत श्रीमती प्रतिभा जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत प्रभात पट्टन आंचल पवार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत मुलताई धर्मपाल सिंह मशराम तथा श्रम पदाधिकारी धम्मदीप भगत शामिल है।

### प्रति शिकायत के हिसाब से कटेगा वेतन

कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने निर्देश दिए हैं कि सभी संबंधित अधिकारी निर्धारित समय-सीमा में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। यदि जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया या समय पर प्रस्तुत नहीं किया गया, तो प्रति नॉन अटेंडेंट शिकायत जितने दिन शिकायत लंबित रही, उसी अनुपात में वेतन कटौती की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### आज मप्र पुलिस महिला प्री ट्रायल चैंपियनशिप

**बैतूल।** मेरा वतन वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में आज 19 फरवरी को सुबह 7 बजे से पुलिस ग्राउंड बैतूल में मप्र पुलिस महिला वर्ग चैंपियनशिप प्री ट्रायल 2026 का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन मप्र पुलिस की लिखित परीक्षा उत्तीर्ण कर चुकी बेटियों के लिए विशेष रूप से किया जा रहा है, ताकि वे फिजिकल ट्रायल से पहले अपने प्रदर्शन को परख सकें और सुधार सकें। प्रतियोगिता में 800 मीटर दौड़, शॉट पुट और लॉन्ग जम्प की स्पर्धाएं होंगी। इन तीनों इवेंट्स में संयुक्त प्रदर्शन के आधार पर चैंपियन का चयन किया जाएगा। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागी को 2100 रुपये और चैंपियन ट्रॉफी, द्वितीय स्थान को 1100 रुपये और ट्रॉफी, तृतीय स्थान को 701 रुपये और ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। चौथे से दसवें स्थान तक 500, 400, 300, 300, 300, 300 और 300 रुपये की पुरस्कार राशि के साथ ट्रॉफी और प्रमाणपत्र दिए जाएंगे। सुपर 50 बेटियों में प्रथम से दसवें स्थान तक ट्रॉफी और प्रमाणपत्र तथा 11 से 50 स्थान तक मेडल और स्कोर सहित प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे।

# आरडी कोचिंग के विद्यार्थियों ने जेईई मैंस में हासिल की उत्कृष्ट सफलता

### 99.68 परसेंटाइल हासिल कर सजील सूर्यवंशी बने जिले के टॉपर



**बैतूल।** जिले के उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्थान में शुमार आर डी कोचिंग क्लासेस बैतूल के विद्यार्थियों ने जेईई मैंस परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता हासिल की है। संस्थान की मेधावी छात्र सजील सूर्यवंशी ने 99.68 परसेंटाइल हासिल कर जिले के टॉपर तथा वेंदांत कास्लेकर 99.25 परसेंटाईल लेकर दूसरे स्थान पर एवं वेदांश साहू 99.00 परसेंटाईल प्राप्त कर संस्थान ही नहीं बल्कि समूचे जिले को गौरान्वित किया है । जे ई ई मैंस के घोषित परीक्षा परिणाम में आर डी कोचिंग के आधा सैकड़ा से अधिक विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है। इनमें से 25 छात्र - छात्राओं ने 90 परसेंटाइल से अधिक अंक हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जेईई मैंस परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता हासिल करने वाले आर डी कोचिंग के छात्र-छात्राओं को संस्थान की निदेशक श्रीमती ऋतु खंडेलवाल ने बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है ।संस्थान में आयोजित गरिमामय सम्मान समारोह में उत्कृष्ट सफलता हासिल करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निदेशक श्रीमती ऋतु खंडेलवाल ने कहा कि जे ई ई मैंस में मिली शानदार सफलता विद्यार्थियों द्वारा अनुशासन में रहकर किए गए नियमित अभ्यास ,कठोर परिश्रम एवं शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों द्वारा लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करने से सफलता निश्चित रूप से मिलती है ।

### संस्थान की सुनियोजित शैक्षणिक प्रणाली की महत्वपूर्ण भूमिका

आरडी कोचिंग संस्थान की डायरेक्टर श्रीमती खंडेलवाल ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए संस्थान द्वारा अपनाई गई सुनियोजित शिक्षक प्रणाली की भी जे ई ई मैंस के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम में महत्वपूर्ण भूमिका है ।उन्होंने कहा कि संस्थान के विषय विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को नियमित रूप से टेस्ट सीरीज का अभ्यास,कॉन्सेप्ट आधारित अध्यापन, व्यक्तिगत मार्गदर्शन देने के साथ ही स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का वातावरण उपलब्ध करवरकर राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए पारंगत किया जाता है। उन्होंने कहा कि जे ई ई मैंस के शानदार परिणाम ने एक बार फिर साबित कर दिया कि आर डी कोचिंग क्लासेज के अनुशासित माहौल, गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन एवं लक्ष्य आधारित सतत अभ्यास से ही उत्कृष्ट परिणाम हासिल किया जा सकता है। संस्थान की निदेशक , प्रबंधन एवं प्राचार्य द्वारा उत्कृष्ट सफलता हासिल करने वाले विद्यार्थियों, उनके पालकों और शिक्षकों को बधाई दी।

## खबर संक्षेप

### कलश यात्रा के साथ नर्मदा पुराण आरंभ



**माखननगर।** शंकर मंदिर मंडी प्रांगण नर्मदा महापुराण का आयोजन बुधवार से किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ नर्मदा पुराण का आयोजन संकुल कुच बंदिया परिवार द्वारा किया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन पुराण का वाचन कथा वाचक आचार्य प्रमोदा नंद महाराज उमरखेड़ी वाले प्रतिदिन करेंगे।

### गूंजी अन्नदाता की पीड़ा दिल्ली सुनेगी दिल की बात




**इटारसी।** कन्याकुमारी से शुरू हुई 'किसान जागृति यात्रा' जब इटारसी के जयस्तंभ चौक पहुंची, तो वहां केवल जिंदाबाद के नारे नहीं थे, बल्कि उन सात लाख परिवारों की सिसकियां भी थीं जिन्होंने कर्ज की बलिवेदी पर अपने अपनों को खो दिया। संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले जुटी इस महापंचायत ने साबित कर दिया कि नर्मदापुरम, हरदा और नरसिंहपुर की मिट्टी का दर्द भी वही है जो पंजाब और हरियाणा का है। आंदोलन का चेहरा बने बुजुर्ग नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की आवाज में उम्र की थकान नहीं, बल्कि एक गहरी टीस थी।

### 4.73 लाख रुपए से पिछली पंचवर्षीय में बनाया था सामुदायिक स्वच्छता परिसर

# सामुदायिक स्वच्छता परिसर बदहाल टूटे गेट और फर्श में आई दरार

शोभापुर जपनद पंचायत में बना सामुदायिक स्वच्छता परिसर की हालत इन खराब पड़ी हुई। यह भवन चार वर्ष पूर्व 4.73 लाख रूपए की लागत से बनाया गया था।




हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर जनपद पंचायत क्षेत्र की बड़ी ग्राम पंचायत शोभापुर में पिछली पंचवर्षीय में सामुदायिक स्वच्छता परिसर बनाया गया था। ग्राम पंचायत द्वारा बनाए गए इस परिसर का कोई उपयोग नहीं बचा है। इसकी हालत खराब हो चुकी है और शासकीय राशि के व्यय का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है।

बताया जाता है कि ग्राम पंचायत शोभापुर द्वारा लगभग चार वर्ष पूर्व 4.73 लाख रुपए की लागत से ग्राम के बाहर स्टेट हाईवे किनारे सामुदायिक स्वच्छता परिसर बनाया गया था। लेकिन इस परिसर का उपयोग ग्रामीण नहीं कर पा रहे हैं तथा इसकी हालत बहुत खराब है। बताया जाता है कि लोग इसमें मवेशियों को छोड़ देते हैं तथा वहां चारा डाल देते हैं और बाहर से गेट लगा देते हैं। इस तरह सामुदायिक स्वच्छता परिसर आम नागरिकों के उपयोग का साबित ना होकर मवेशियों को बांधने का स्थल बन कर रह गया है। ग्रामीणों ने बताया कि स्वच्छता परीक्षा ग्राम के बिल्कुल बाहर पिपरिया रोड पर बना हुआ है। इसके कारण ग्रामवासी तो इसका उपयोग नहीं कर पाते हैं। वहीं स्टेट हाईवे से आते-जाते वाहनों के यात्री कई बार सामुदायिक स्वच्छता परिसर देखकर निस्तार के लिए रुक जाते हैं। लेकिन इसकी खस्ता हालत देखकर वे आगे बढ़ाने को विवश हो जाते हैं।

### पानी की भी नहीं व्यवस्था

जानकारों के अनुसार परिसर निर्माण दौरान इसके क्षेत्र में ही बोरिंग की जानी चाहिए थी, ताकि पानी की नियमित सप्लाई व्यवस्था इसमें बनी रहे। लेकिन ग्राम पंचायत ने स्टेट हाईवे के दूसरी ओर तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर के सामने स्थित श्मशान घाट के हैंडपंप में मोटर डालकर इसका कनेक्शन शौचालय तक पहुंचाया है।

हैंडपंप व स्वच्छता परिसर के बीच की दूरी 200 फीट से अधिक है। तथा पानी की पाइपलाइन स्टेट हाईवे क्रॉस कर भूमिगत रूप से बिछाई गई है। जिसमें यदि खराबी हो जाती है तो सुधार की कोई भी संभावना नहीं रह जाएगी। मामले में पूछताछ में ग्राम पंचायत शोभापुर के सचिव राजेंद्र पुर्विया ने बताया कि आसपास जब पानी की व्यवस्था होती है तो सामुदायिक स्वच्छता परिसर में बोरिंग करने की आवश्यकता नहीं रह जाती।

### अंदर बहुत ज्यादा गंदगी फैली



ग्रामीणों के अनुसार सामुदायिक स्वच्छता परिसर का उपयोग ना होने के कारण शरारती तत्व इसके आसपास भटकते हैं। शरारती लोगों ने इसके गेट तोड़ दिए हैं तथा अंदर बहुत ज्यादा गंदगी फैली हुई है। वहीं बाहर सीढ़ी के समीप का फर्श भी धसक रहा है। यदि तत्काल ही इसकी देखरेख प्रारंभ नहीं की गई तो निश्चित रूप से आने वाले कुछ महीना या वर्षों में दरारें बढ़ती जाएंगी, गेट चोरी हो जाएंगे और यह सामुदायिक स्वच्छता परिसर पूरी तरह अनुपयोगी होकर रह जाएगा। ग्रामीणों ने अपेक्षा की है कि अभी भी ग्राम पंचायत चाहे तो इसके सुधार के कार्य प्रारंभ कर इस उपयोगी बना सकती है।

### सुधार करवाएंगे

शरारती लोगों ने गेट तोड़ दिए है। मना करने पर भी लोग मवेशी छोड़ देते हैं। शीघ्र ही स्वच्छता परिसर के सुधार का कार्य किया जाएगा।

**राजेंद्र पुर्विया,** सचिव ग्राम पंचायत शोभापुर, जपं सोहागपुर

# स्कूली छात्रों को डंपर ने मारी टक्कर गंभीर रूप से घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

स्टेट हाईवे 22 पर कृषि उपज मंडी के सामने डंपर और मोटरसाइकिल में भिड़ंत हो गई घटना में मोटरसाइकिल सवार दो स्कूली छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें वहां मौजूद लोगों की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सेमरी हरचंद पहुंचाया गया।

जानकारी के अनुसार कृषि उपज मंडी में सीमेंटीकरण का कार्य चल रहा है जिसमें उक्त डंपर क्रमांक एमपी 04 वाय टी6331 द्वारा गिट्टी परिवहन का कार्य किया जा रहा है इसी दौरान स्कूटी पर सवार मयंक पिता कमलेश सोनी एवं एक अन्य स्कूली छात्र डंपर की चपेट में आ गए।

मयंक सोनी को हाथ एवं पैर में एवं एक अन्य युवक को गंभीर चोट आई है इसके बाद घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया जहां से गंभीर हालत में भोपाल रेफर किया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर डंपर एवं ड्राइवर को पुलिस अभिरक्षा में ले लिया है कार्रवाई की जा रही है।

### अमावस्या पर नर्मदा मैया को चौकाघाट में ओढ़ाई चुनरी



**माखननगर।** मंगलवार कोअमावस्या पर नर्मदा नदी के चौकाघाट का मां नर्मदा को पूरे विधि विधान से पूजन कर तीन सौ मीटर की चुनरी ओढ़ाई आरती कर प्रसादी वितरण की गई। प्रसाद मां नर्मदा को भोपाल कृषि विभाग से सेवा निवृत्त कर्मचारी तिरुपति करुणा दुबे, नीलम पाठक, अधिवक्ता संघ के विजय दुबे के परिवारजन अजय दुबे, आकृति दुबे, ऋषभ दुबे, देवू दुबे, एडवोकेट जीवन साहू, ग्राम समोन कोटगांव मानेगांव के ग्रामवासी बड़ी संख्या में इस धार्मिक आयोजन में शामिल हुए।

# सड़कों की मरम्मत के लिए कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

नगर की बदहाल और जर्जर सड़कों की समस्या को लेकर नगर कांग्रेस कमेटी ने कड़ा रुख अपनाया है। बुधवार को नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुनील शुक्ला के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने छावनी परिषद कार्यालय पहुँचकर छावनी अधिशासी अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन कार्यालय अधीक्षक लवकेश साहू को प्राप्त हुआ। ज्ञापन में कांग्रेस पदाधिकारियों ने नगर की सड़कों की दयनीय स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि सड़कों पर जगह-जगह बड़े और गहरे गड्ढे हो चुके हैं, जिसके कारण आए दिन राहगीर और वाहन चालक दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। विशेष रूप से अरविंद मार्ग और केंद्रीय विद्यालय तक जाने वाली सड़क की हालत सबसे ज्यादा खराब है। इन मार्गों पर आवागमन करना जोखिम भरा हो गया है। इस अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुनील शुक्ला, हुज़ैफा बोहरा, प्रशांत सीहोते, शैंकी जायसवाल, शिवम जायसवाल, एजाज खान आदि मौजूद रहे।

# राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के लिए स्वयंसेवकों का किया गया चयन




हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर में राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर हेतु नर्मदापुरम जिले के विभिन्न महाविद्यालयों व विद्यालयों से स्वयंसेवकों का चयन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ नीता चौबे के संरक्षण में रासेयो के जिला संगठक प्रो. दिग्विजयसिंह खत्री व चयन समिति सदस्यों द्वारा जिला नर्मदापुरम के श्रेष्ठ स्वयंसेवकों का चयन विभिन्न मापदंडों के आधार पर किया गया। चयन समिति सदस्य के रूप में लेफ्टिनेंट डॉ आई. एस. कनेश, डॉ सुनील दिवाकर, डॉ मोहन सिंह गुर्जर, डॉ अनिता साहू, सत्यनारायण सिंह राजपूत व सुश्री पूजा गोस्वामी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय से डॉ धर्मेंद्र सिंह चौहान व डॉ कविता दुबे रासेयो कार्यक्रम अधिकारी के रूप में उपस्थित रहे। चयनित स्वयंसेवकों के रूप में महाविद्यालय स्तर पर मंजीत यादव, धर्मेंद्र, समरजीत, दुर्गेश सूर्यवंशी, शैलेन्द्र, दीक्षा अहिरवार, सिलौचना उइके, नीलू कहार, पूजा पाल व हायर सेकेंडरी स्तर पर लोकेश कुमार का चयन किया गया। प्रतीक्षा सूची में लक्ष्मण अहिरवार, संजय काजले, रोहित नारोलिया, सोनिया दीक्षित, प्रिया अहिरवार, प्रीत सिंह कलोता और यशस्वी ठाकुर को सम्मिलित किया गया है। चयनित स्वयंसेवक रासेयो के राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में सम्मिलित होने के लिए अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा की संगठन व्यवस्था में 8 मार्च से 14 मार्च तक चित्रकूट जिला सतना में आयोजित शिविर में सहभागिता करेंगे। महाविद्यालय प्राचार्य व जिला संगठक द्वारा समस्त चयनित स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

# बिरसा मुंडा शासकीय कॉलेज के रोजगार मेले में 229 युवा लाभान्वित हुए



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

भगवान बिरसा मुंडा शासकीय महाविद्यालय सुखतवा में एक दिवसीय 'रोजगार एवं स्वरोजगार मेले' का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस मेले में क्षेत्र के युवाओं ने भारी उत्साह दिखाया, जहां शिक्षा और करियर के बीच की दूरी को कम करने का प्रयास किया। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन नायब तहसीलदार हीरू कुमरे, प्राचार्य डॉ. नीता राजपूत, जिला रोजगार अधिकारी श्याम कुमार धुर्वे, प्लेसमेंट ऑफिसर धर्मेश तिवारी एवं कामधेनु पटोदिया ने सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। संपूर्ण मेले की व्यवस्था जिला रोजगार कार्यालय के प्लेसमेंट ऑफिसर धर्मेश तिवारी के नेतृत्व में संपन्न हुई। नायब तहसीलदार कुमरे ने कहा कि हमारा उद्देश्य युवाओं को रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाना है, ताकि युवा वर्ग देश की उन्नति में भागीदार बने। प्राचार्य डॉ. नीता राजपूत ने कहा कि यह 'युवा संगम' आत्मनिर्भरता का नया अध्याय है। रोजगार मेला एक सेतु है जो शिक्षा को सीधे करियर से जोड़ता है। यहां शासन की योजनाओं, प्रशिक्षण और निजी कंपनियों के अवसर एक ही मंच पर उपलब्ध हैं। मेले में प्रतिष्ठित निजी कंपनियों के साथ-साथ विभिन्न शासकीय विभागों ने अपने स्टॉल लगाए, जहां विशेषज्ञों ने युवाओं का मार्गदर्शन किया। कुल 300 छात्र-छात्राएं मेले में 219 को, स्वरोजगार योजना का लाभ 10 सहित कुल 229 लाभान्वित हुए। 72 का स्वास्थ्य जांचा गया। रोजगार के साथ-साथ युवाओं के स्वास्थ्य का भी ध्यान रखा गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ. अपेक्षा भावसार एवं डॉ. विवेक वर्मा की टीम ने 72 छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान शीला काजले, गीता राजपूत और त्रिलोक मनवारे भी उपस्थित रहे। संचालन डॉ. राधा आशीष पांडे ने किया।

### श्री द्वारिकाधीश मंदिर में श्रीराम जन्म महोत्सव 19 से

**इटारसी।** शहर के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित धार्मिक आयोजनों में शुमार श्री राम जन्म महोत्सव का इस वर्ष 63वां आयोजन होने जा रहा है। तुलसी चौक स्थित श्री द्वारिकाधीश मंदिर में 19 मार्च से 27 मार्च तक भक्ति की सरिता बहेगी। श्री राम जन्म महोत्सव समिति के अनुसार, इस वर्ष यह महोत्सव अत्यंत विशेष होने वाला है क्योंकि प्रयाग पीठाधीश्वर जगतगुरु स्वामी ओंकारानंद सरस्वती महाराज श्रद्धालुओं को ज्ञान और भक्ति का मार्ग दिखाने के लिए इटारसी आ रहे हैं। महाराज के प्रवचन प्रतिदिन रात्रि 8 से 10 बजे तक मंदिर परिसर में आयोजित होंगे।

# पुराने बस स्टैंड पर 10 मिनट बस रोकने कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने एसडीएम से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



स्थानीय पुराने बस स्टैंड पर 10 मिनट बस को रोकने के लिये जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शिवाकांत पांडेय (गुड्डन) एवं नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी ने बुधवार को एसडीएम नीलेश शर्मा से कार्यालय में चर्चा की। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने एसडीएम से चर्चा करते हुये कहा कि यात्री, बस मालिक एवं बाजार के व्यापारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष को एसडीएम ने आश्वास देते हुये कहा कि नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चोरे एवं आरटीओ के साथ बैठक में चर्चा कर समस्या का समाधान कराया जायेगा। एसडीएम नीलेश शर्मा ने फोन पर आरटीओ से चर्चा कर साढ़े तीन बजे बैठक करने को कहा।आज की बैठक में दस मिनट के स्टॉपेज को लेकर निर्णय हो जायेगा। एसडीएम से मुलाकात करने वाले कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल में जिला कांग्रेस शिवकांत गुड्डन पांडेय के साथ ही नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी, एन एस चौहान, अतुल तिवारी शामिल थे।

# रेलवे मैदान पर जमेगा क्रिकेट का रोमांच, प्रतियोगिता 20 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




पश्चिम मध्य रेलवे मजदूर संघ के तत्वावधान में आगामी 20 फरवरी से शहर के क्रिकेट प्रेमियों और रेल कर्मचारियों के लिए एक खेल आयोजन होने जा रहा है। रेल संस्थान मैदान 12 बंगला में अंतर विभागीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें रेलवे के विभिन्न विभागों की टीमें अपना दम-खम दिखाएंगी।

### विजेताओं पर होगी इनामों की बौछार

प्रतियोगिता को रोमांचक बनाने के लिए संघ ने आकर्षक पुरस्कारों की घोषणा की है। विजेता टीम को 5,000 रुपये नकद एवं चमचमाती ट्रॉफी, उपविजेता टीम को 3,000 रुपये नकद एवं ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। संघ के कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान अध्यक्ष प्रीतम तिवारी और वरिष्ठ नेता संजय कैचे ने बताया कि प्रतियोगिता को लेकर रेल कर्मियों में जबरदस्त उत्साह है। अब तक 22 टीमें अपनी एंट्री सुनिश्चित कर चुकी हैं। आयोजकों ने कुल 25 टीमों का लक्ष्य रखा है, यानी अब केवल 3 टीमों के लिए ही स्थान शेष है। प्रतियोगिता की प्रवेश राशि 2,500 रुपये निर्धारित की गई है।

### प्रतियोगिता 10 ओवरों की

कर्मचारी नेता राजेश गौर और महाकाल कश्यप ने खेल के नियमों की जानकारी देते हुए बताया प्रत्येक मैच 10-10 ओवर का खेला जाएगा। खेल भावना को बढ़ावा देने के लिए प्रतिदिन 4 से 5 मुकाबले आयोजित होंगे। यह क्रिकेट महाकुंभ 1 मार्च तक चलेगा, जहां फाइनल मुकाबले के बाद विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। रेलवे के विभिन्न विभागों के बीच आपसी समन्वय और खेल प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से यह आयोजन प्रतिवर्ष रेल कर्मियों के बीच चर्चा का विषय रहता है।

### नपा अध्यक्ष पंकज चौरे ने किया निरीक्षण, जून तक काम पूरा करने के निर्देश

# न्यास कॉलोनी और आजाद नगर में फ्लैट्स तैयार ,मिलेगा आशियाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहर के जरूरतमंदों का अपने घर का सपना अब हकीकत में बदलने वाला है। न्यास कॉलोनी और आजाद नगर में बन रहे बहुमंजिला आवासों का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने टीम के साथ दोनों साइट्स का एई मीनाक्षी चौधरी और उपयंत्री सोनिका अग्रवाल के साथ औचक निरीक्षण किया और स्पष्ट निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम में ही सारा काम फिनिशिंग के साथ पूरा कर लिया जाए, ताकि इसी वर्ष पात्र हितग्राहियों को मकानों का आवंटन किया जा सके। उन्होंने ठेकेदार को भी फटकार लगाते हुए कहा कि इसी साल जरुरतमंदों को आवंटन देना है, इसलिए देरी बर्दाश्त नहीं करेंगे। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि विधायक डॉ सीतासरन शर्मा और सांसद दर्शन सिंह चौधरी के मार्ग दर्शन पर काम तेजी से कराया जा रहा है। उन्होंने कहा दोनों ही जन प्रतिनिधियों की मंशा है कि इसी साल जरूरतमंद लोगों को आवास मिल जाए।

### एबी कंस्ट्रक्शन ने दिखाई रफ्तार

न्यास कॉलोनी में 84 ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स का निर्माण किया जा रहा है, जहां हर फ्लोर पर 14 मकान हैं। गौरतलब है कि यह प्रोजेक्ट साल 2017 से अधर में लटका था। 2017 में सोमेश भटनागर को टेंडर दिया गया था, लेकिन काम न करने के कारण प्रोजेक्ट सालों पिछड़ गया। अध्यक्ष पंकज चौरे और परिषद ने कड़ा फैसला लेते हुए पुराना टेंडर निरस्त किया और एबी कंस्ट्रक्शन को 2025 में नई जिम्मेदारी सौंपी। ठेकेदार ने तेजी से काम करते हुए बिल्डिंग को लगभग तैयार कर दिया है।

### खास बातें

- न्यास कॉलोनी : 84 फ्लैट्स (प्रति तल 14 मकान)
- आजाद नगर : 96 फ्लैट्स (प्रति तल 16 मकान)
- लक्ष्य : 2026 के भीतर आवंटन प्रक्रिया संपन्न करना।

### स्ट्रक्चर लगभग तैयार

इसी तरह आजाद नगर साइट पर 96 ईडब्ल्यूएस मकानों का निर्माण हो रहा है। यहां एक फ्लोर पर 16 फ्लैट्स बनाए जा रहे हैं। यहां भी 2017 में भूपतानी कंस्ट्रक्शन की लापरवाही के कारण काम रुका हुआ था। 2024 में मालवीय कंस्ट्रक्शन ने ठेका लिया और अब बिल्डिंग का ढांचा पूरी तरह तैयार हो चुका है। निरीक्षण के दौरान नगरपालिका अध्यक्ष के साथ एई मीनाक्षी चौधरी और उपयंत्री सोनिका अग्रवाल मौजूद रहीं। अध्यक्ष ने काम की गुणवत्ता और समय-सीमा पर जोर देते हुए कहा शहर के गरीब परिवारों को लंबे समय से इन मकानों का इंतजार है। पुरानी बाधाएं दूर कर दी गई हैं। इंजीनियर्स यह सुनिश्चित करें कि जून की गर्मी खत्म होने तक दोनों साइट्स का काम शत-प्रतिशत पूरा हो जाए, ताकि हम इसी साल आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर सकें।

# सेवा समिति ने किया किसान जागृति यात्रा का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



कश्मीर से कन्याकुमारी तक किसानों के हक और अधिकारों की अलख जगाने निकली किसान जागृति यात्रा का इटारसी पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया। क्रांतिकारी किसान मजदूर संगठन द्वारा निकाली जा रही इस जनजागरूकता यात्रा का अखंड राजपूताना सेवा समिति ने गर्मजोशी से समर्थन करते हुए अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### समाजसेवियों ने बढ़ाया किसानों का हौसला

इटारसी के जयस्तंभ चौक सहित विभिन्न मार्गों पर यात्रा का स्वागत करते हुए समिति के सदस्यों ने पुष्पवर्षा की। इस अवसर पर अखंड राजपूताना सेवा समिति के वरिष्ठ सदस्य मोती सिंह राजपूत, धर्मेश सिंह सोलंकी और जिला अध्यक्ष गोल्डी बैस, नितिन सिंह राजपूत, माधव राजपूत, प्रशांत राठौर, राज तोमर, अनिकेत सिंह राजपूत और हंस राज सेंगर सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए।

**खबर संक्षेप**

### सामान्य सभा की बैठक 23 को

**हरदा।** जिला पंचायत हरदा की सामान्य सभा की बैठक 23 फरवरी को आयोजित होगी। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ जोनाथन ने बताया कि यह बैठक 23 फरवरी को दोपहर 3 बजे से जिला पंचायत कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह द्वारा की जाएगी।

### यातायात नियम उल्लंघन 5 हजार जुर्माना वसूला

**हरदा।** जिले में यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने हेतु जिला परिवहन विभाग द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान विभिन्न प्रकार के वाहनों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान अधिकारियों ने बसों और डंपरों सहित कई वाहनों को रोका तथा उनके दस्तावेज एवं उपकरणों की जांच की। इस दौरान कुछ वाहनों में प्रेशर हॉर्न लगे पाए गए, जो मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन है। ऐसे वाहनों से मौके पर ही प्रेशर हॉर्न निकलवाए गए तथा संबंधित वाहन चालकों पर चालानी कार्यवाही करते हुए कुल 5 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### मरीज व परिजनों के साथ अभद्र व्यवहार

**सीहोर।** मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव गुजराती ने बयान जारी करते हुए कहा कि श्यामपुर के पत्रकार और उनकी पत्नी के साथ जिला अस्पताल के कर्मचारियों द्वारा गाली गलौज कर अभद्र व्यवहार किया गया। जिसके खिलाफ पत्रकार बंधुओं द्वारा जिला चिकित्सालय के गेट पर ही धरने पर बैठ गए और कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग करने लगे। जिला अस्पताल में पूर्व में भी अभद्र व्यवहार की कई घटनाएं हो चुकी है कार्यवाही नहीं हुई जो बहुत ही शर्मनाक है। कांग्रेस मरीजों और उनके परिजनों के साथ है दोषियों पर कार्यवाही की मांग की है।

### 17 फरवरी से 19 मार्च तक चलेगा अभियान

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार वर्ष 2025-26 के दस्तक अभियान का दूसरा चरण 17 फरवरी से 19 मार्च तक चलाया जाएगा। इस चरण के दौरान स्वास्थ्य विभाग और महिला बाल विकास विभाग के कार्यकर्ताओं द्वारा अनेक स्वास्थ्य सेवाएं दी जाएंगी। सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया ने बताया कि दस्तक अभियान के दूसरे चरण में कार्यकर्ताओं द्वारा 9 माह से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को विटामिन ए का अनुपूरण किया जाएगा। इसके साथ ही अभियान के प्रथम चरण में चिन्हित किए गए एनीमिक बच्चों का फॉलोअप, जाँच एवं प्रबंधन किया जाएगा।

### बालिकाओं को किया गया सम्मानित

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जावर तहसील के ग्राम खजुरिया में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बालिकाओं का सम्मान एंव जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी शज्ञानेश खरे ने बताया कि कार्यक्रम में नवजात बालिकाओ का स्वागत किया।

सनातन धर्म को जोड़ने का कार्य कर रहे कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा

# कथा कुबेरेश्वर धाम आकर सुनना परम सौभाग्य है: पं. धीरेंद्र शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

भारत को प्राचीन काल से ही ज्ञानभूमि कहा गया है। यहां वेद, उपनिषद, महाभारत, रामायण जैसे महाकाव्यों से लेकर आयुर्वेद, ज्योतिष, योग, गणित, वास्तु और दर्शन तक अनेक शाखाएँ विकसित हुईं। संस्कृत, प्राकृत और क्षेत्रीय भाषाओं में रचित ग्रंथ केवल धार्मिक आस्था नहीं थे, बल्कि जीवन की वैज्ञानिक और सामाजिक समझ को भी दिशा देते थे।

पहले टीवी कम थी, पुस्तकें ज्यादा थी, टाकिज कम थे, लाइब्रेरी अधिक थी, अब लोग मोबाइल और सोशल मीडिया के जाल में फंसकर अपने धर्म वेदों और शास्त्रों को छोड़कर दूसरे धर्म की पुस्तकें पढ़ रहे है। उक्त विचार जिला मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वरधाम पर जारी सात दिवसीय रुद्राक्ष महोत्सव के चौथे दिवस अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे। उन्होंने सनातन धर्म को बचाने और उसकी संस्कृति को जीवित रखने के लिए सभी को एकजुट रहने का आह्वान किया। मंगलवार को कथा वाचक पंडित धीरेन्द्र शास्त्री ने मुख्य आकर्षण बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का आगमन रहा। मंच पर जब दोनों संतों का मिलन हुआ, तो पूरा पंडाल 'हर-हर महादेव और 'जय श्री राम के उद्घोष से गूंज उठा। धीरेंद्र शास्त्री ने अपने



आशीष वचनों में कहा, गुरु जी कथा अपने शहर में सुनना भाग्य है, लेकिन कुबेरेश्वर धाम आकर सुनना परम सौभाग्य है। उन्होंने भक्तों को हनुमान और शिव की भक्ति का मार्ग दिखाया।

कथा के दौरान पंडित मिश्रा ने कहाकि गलत संगत मनुष्य के जीवन को नष्ट कर देती है, जबकि सुसंगत से जीवन संवरता है। इसलिए संगति का चयन अत्यंत महत्वपूर्ण है। देवराज ब्राह्मण की कथा का उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे गलत साथियों के कारण व्यक्ति का जीवन बिगड़ जाता है। सुबह की प्रार्थना और शाम की आराधना कभी व्यर्थ नहीं जाती। एक लोटा जल भी जीवन की बड़ी से बड़ी समस्या का समाधान कर सकता है। शिव से अटूट रिश्ता: पंडित जी ने बताया कि सांसारिक रिश्ते मृत्यु के साथ समाप्त हो जाते हैं, लेकिन शिव से रिश्ता जन्मों-जन्मों का है। उन्होंने शिव-सती प्रसंग सुनाते हुए कहा कि महादेव ने सती के 88 लाख जन्म देखे हैं, जो सिद्ध करता है कि उनका संबंध अमर है। शिवरात्रि और नवरात्रि को 'रात्रि से जोड़ने का वैज्ञानिक और आध्यात्मिक कारण बताते हुए उन्होंने कहा कि जिस तरह रात के बाद सवेरा निश्चित है, उसी तरह संघर्ष के बाद सुख का आना भी तय है। पंडित जी ने बटरफ्लाई इफेक्टका उदाहरण देते हुए कहा कि यदि तितली के पंख फड़फड़ाने से दुनिया पर असर हो सकता है, तो श्रद्धा से चढ़ाई गई बेलपत्री की डंडी और जल का फल क्यों नहीं मिलेगा? उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे मोबाइल और लैपटॉप की दुनिया से बाहर निकलकर शास्त्रों और ज्ञानवर्धक पुस्तकों को पढ़ें।

उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अपने सनातन धर्म के ग्रंथों को छोड़कर दूसरों के पीछे भागना उचित नहीं है। पंडित श्री मिश्रा ने सोशल मीडिया पर भ्रामक बातों से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा, पहाड़ से ठोकर नहीं लगती, छोटे पत्थरों से लगती है, वैसे ही छोटी-छोटी बातें घर तोड़ देती हैं। कथा के अंत में उन्होंने प्रशासन, मीडिया और सेवादारों का आभार व्यक्त किया जो लाखों भक्तों की सेवा में जुटे हैं। पंडित ने कुबेरेश्वर धाम में सेवा के लिए अखण्ड हिन्द फौज के 500 कैडेटों को सम्मानित भी किया और सभी को उपहार स्वरूप जैकेट प्रदान किया। फौज के महानिदेशक राजेन्द्र त्रिपाठी ने मंच से अखण्ड हिन्द फौज की सेवा के विषय में संक्षेप में बताया। उन्होंने सेवा का अवसर देने के लिए पूज्य गुरुदेव का आभार प्रकट किया। शिव-पार्वती और गणेश जी की भव्य झांकी तथा महाआरती के साथ हुआ। पंडित जी ने भक्तों को आह्वान किया कि यदि भरोसा हो तो ही कुबेरेश्वर धाम आएं, क्योंकि बाबा यहाँ से किसी को खाली हाथ नहीं भेजते। समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि गुरुवार को फूलरा दूज होने के कारण मंदिर परिसर में स्थित बाबा की भव्य शिला और यहां पर निर्मित रुद्राक्ष शिवलिंग का विशेष श्रृंगार किया जाएगा।

पुलिस ने की कार्रवाई

## वेयरहाउस से मूंग चोरी मामले में दो को गिरफ्तार किया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

स्थानीय पुलिस ने वेयरहाउस से मूंग चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी की गई 5.5 क्विंटल मूंग, एक सीसीटीवी कैमरा और चोरी में इस्तेमाल की गई आरी बरामद की गई है।यह चोरी 16 फरवरी को धनगांव स्थित एक वेयरहाउस में हुई थी। एसडीओपी आकांक्षा तलया ने बताया कि फरियादी आदित्य पंचारिया ने 17 फरवरी को पुलिस को सूचना दी कि 16 फरवरी की शाम को वह अपना काम खत्म कर घर चले गए थे। अगले दिन सुबह चौकीदार द्वारका प्रसाद ने उन्हें बताया कि वेयरहाउस के पीछे की जाली काटकर अज्ञात व्यक्ति मूंग की बोरियां चुरा ले गए हैं। मौके पर पहुंचने पर आदित्य ने देखा कि जाली कटी हुई थी और वेयरहाउस से 11 बोरियां कम थीं।जांच के दौरान यह भी पता चला कि वेयरहाउस में लगा सीसीटीवी कैमरा भी गायब था। चोरी की गई मूंग का कुल वजन 5 क्विंटल 50 किलो था, जिसकी अनुमानित कीमत 47,300 रुपये बताई गई।

यह मूंग रहटगांव समिति द्वारा खरीदी गई थी और जूट की बोरियों में पैक थी।पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एक टीम गठित की।जांच के दौरान वीरू राठौर नामक व्यक्ति से सूचना मिली कि दो संदिग्ध लोग उसकी दुकान पर मूंग बेचने आए हैं। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दिनेश चौहान (25) निवासी डोंग और सुखराम काजले (24) निवासी डोंग को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने वेयरहाउस से 11 कट्टी मूंग और सीसीटीवी कैमरा चोरी करने का जुर्म कबूल कर लिया। उन्होंने चोरी में इस्तेमाल की गई लोहे की आरी भी गेहूं के खेत से बरामद करवाई। आरोपियों ने थाना रहटगांव के तहत टेमागांव स्थित एक अन्य वेयरहाउस से भी मूंग चोरी करने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।जहां से उन्हें जेल भेज दिया है।

## प्रदेश के इतिहास का सबसे बड़ा, संतुलित और विकासोन्मुख बजट: कमल पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



भाजपा नेता और पूर्व मंत्री कमल पटेल ने मध्यप्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को प्रदेश के इतिहास का सबसे बड़ा, संतुलित एवं विकासोन्मुख बजट बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रदेश की जनसंख्या के संतुलित अवदान के अनुरूप विकास कार्यों को रेखांकित करता है तथा समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित करता है।

पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में तैयार यह बजट दूरदृष्टि, सूक्ष्म योजना और प्रदेश के समग्र हितों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इसमें ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के संतुलित विकास का स्पष्ट दृष्टिकोण दिखाई देता है। विशेष रूप से कृषि, ग्रामीण विकास, अधोसंरचना, ऊर्जा, उद्योग तथा सामाजिक कल्याण के क्षेत्रों में किए गए प्रावधान प्रदेश को प्रगति के नए आयाम प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की अधिकतम जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है और राज्य सरकार ने इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए किसानों, ग्रामीण अधोसंरचना तथा रोजगार सृजन को प्राथमिकता दी है। यह बजट सबका साथ, सबका विकास की भावना को साकार करता है तथा विकास की मुख्यधारा में अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को भी सहभागी बनाता है। पटेल ने कहा कि बजट की बारीकियों में प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की स्पष्ट रणनीति दिखाई देती है। कृषि सुदृढ़ीकरण, ऊर्जा विस्तार, औद्योगिक निवेश और आधारभूत संरचना के सशक्त प्रावधान राज्य की सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि के लिए अत्यंत आवश्यक थे। यह बजट आने वाले वर्षों में कुल आय एवं प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि सुनिश्चित करेगा। पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल ने इस दूरदर्शी एवं संतुलित बजट के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए प्रदेश के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा का विशेष रूप से धन्यवाद ज्ञापित किया।

पुरस्कार वितरण के साथ विधिक साक्षरता शिविर संपन्न

## विद्यार्थियों को अधिकारों की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

बुधवार को सरस्वती विद्या मंदिर हायर सेकण्ड्री स्कूल, हरदा में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया तथा न्यायोत्सव के तहत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में सम्मिलित छात्र/छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित न्यायाधीश व सचिव ने बच्चों के लिए मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना 2024 के तहत पॉक्सो एक्ट, मध्यप्रदेश अपराध पीड़ति प्रतिकर योजना 2015, नालसा लैंगिक हमलों व अन्य अपराधों की पीड़िताओं सर्वाईवर्स महिलाओं के लिए प्रतिकर योजना 2018 की जानकारी उपस्थितजनों




को दी। उन्होने विद्यार्थियों को बताया कि वे किस प्रकार विधिक सहायता प्राप्त कर सकते है। इस दौरान उन्होने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित संवाद योजना-2025 के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को उनके संवैधानिक व वैधानिक अधिकारों की जानकारी प्रदान की। जिला विधिक सहायता अधिकारी सौरभ कुमार दुबे ने बताया कि विधिक साक्षरता शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों के अधिकारों के बारे में लोगों को शिक्षित करना और बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना, बच्चों के अधिकारों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जागरूकता बढ़ाने, शिक्षा को बढ़ावा देने और बाल यौन शोषण बाल विवाह तथा बाल श्रम आदि के बारे में लोगों को जागरुक करना है। आमजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरदा या अन्य विधिक सेवा संस्थान में उपस्थित होकर, पत्र के माध्यम से, नालसा पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर अथवा 15100 पर कॉल कर निशुल्क विधिक सहायता आसानी से प्राप्त कर सकते है। कानूनी मामलों में विविध सलाह एवं परामर्श विधिक परामर्श केन्द्र से पूर्णतः निःशुल्क है। शिविर में शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं पैरालीगल वॉलेंटियर रेखा विश्नोई, उपस्थित रहे।

मंडी परिसर में बैठक की

## भारतीय मजदूर संघ की भविष्य की गतिविधियों पर प्रकाश डाला



**हरदा।** भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध विद्युत बाह्य स्रोत कर्मचारी संगठन की बैठक स्थानीय मंडी परिसर के बलराम भवन कक्ष में रखी गई। जिसमें उज्जैन से प्रदेश अध्यक्ष राहुल मालवीय उपस्थित हुए। उनके साथ ही भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख जितेंद्र सोनी, अध्यक्ष मुकेश धामनदे, की उपस्थिति प्रदेश अध्यक्ष राहुल मालवीय ने प्रदेश स्तर पर संगठन के हित में आगामी दिन में होने वाली गतिविधियों पर व संगठन को मजबूत करने पर प्रकाश डाला। मजदूर संघ के विभाग प्रमुख जीतेंद्र सोनी ने भी मजदूर संघ से हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। विद्युत बाह्य स्रोत संगठन के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र भाटी, सचिव अक्षय नेगी, कोषाध्यक्ष दुर्गेश उमरिया, अभिषेक राजपूत एवं केतन चन्द्रवंशी, मोनू श्रीवास, राहुल पगारे, दीपक गुर्जर, दीपक चौरे, आशीष बिल्लौरे, सतीश मेवाड़ा आदि मौजूद रहे।

## करुणानिधान नवदुर्गा बजरंग मंदिर में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

गुर्जर मंगल भवन के पास स्थित करूणानिधान नवदुर्गा बजरंग मंदिर में बुधवार को राधा कृष्ण भगवान की प्राण प्रतिष्ठा समारोह की शुरुआत हुई। तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पहले दिन पंडित हरिओम जोशी के मार्गदर्शन में दशविधि स्नान,हेमाद्रि संकल्प हुआ।

वहीं आतिशबाजी एवं बैंड बाजों के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा की गई। शोभायात्रा के बाद मंडल स्थापन, वास्तु पूजन,देव स्नान किया गया। पूजन के दौरान किशोरीलाल करोड़े, हरिओम करोड़े ने पंडित हरिओम जोशी,पंडित सुशील जोशी,पंडित विमल तिवारी,पंडित अभिषेक पंडा,पंडित मुकेश पुरोहित,पंडित सचिन मिश्रा,पंडित आदित्य जोशी,पंडित विष्णु सहित पंडितों के



निर्देशन में पूजन किया। इस दौरान करूणानिधान नवदुर्गा बजरंग मंदिर समिति के अध्यक्ष मुकेश पाराशर, पंडित राजेश पांडे, श्याम सोकल, डॉ जीआर करोड़े, जगदीश विश्वकर्मा, रामकृष्ण पाटिल, रामनिवास छलोत्रे, डॉ अनिल मुकाती, बंशीधर करोड़े, हेमंत करोड़े, पलाश करोड़े, नवनीत शुक्ला, नरेंद्र शर्मा, विजय चौहान, अन्नी बादर, मोहन सोलंकी, अमरीश मिश्रा अमरदास पाटिल, राकेश सूरमा, रतनदीप खोरे, शुभम सूरमा, सौरभ ठाकुर सहित श्रद्धालु मौजूद रहे। तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दूसरे दिन गुरुवार को अग्नि स्थापन हवन,महास्नान होगा। इसके बाद अन्नाधिवास होगा।

### नियमित और संविदा कर्मचारियों ने मांगों को लेकर काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

सीहोर। समस्त स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर प्रदेश के स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारियों की वर्षो से लंबित 14 सूत्रीय व आयुष विभाग की 9 सूत्रीय मांगो को लेकर बिलकिसगंज अस्पताल में नियमित और संविदा कर्मचारियों द्वारा काली पट्टी बांधकर शासन का ध्यानाकर्षण किया गया। महासंघ के ललित राठौर द्वारा बताया गया कि विगत कई वर्षों से अनेक बार शासन विभाग से पत्राचार कर प्रत्यक्ष भेंटकर प्रदेश के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग अंतर्गत नियमित तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा, एड्स नियंत्रण समिति संविदा, आउटसोर्स, रोगी कल्याण समिति, गैस राहत, आयुष विभाग आदि के अंतर्गत संबंधित अधिकारी कर्मचारियों की विभागीय समस्या, मांगों के निराकरण हेतु विभाग से निवेदन किया जा रहा है,जिसमें अनेक मांग अनार्थिक है तथा सैद्धांतिक है। परंतु विभाग शासन के द्वारा कई बार चर्चा उपरांत सहमति बनने के बाद भी आज तक आदेश निर्देश न होने के कारण प्रदेश के स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। जिसे ध्यान में रखते हुए महासंघ एवं महासंघ से जुड़े अन्य सभी स्वास्थ्य संगठनों के पदाधिकारियो ने निर्णय लिया है कि अगर समय सीमा में मांगों का निराकरण नहीं किया जाता है तो प्रदेश व्यापी आंदोलन जारी रहेगा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कौरव ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत समस्त अधिकारी कर्मचारी मानव सेवा करते हैं।

प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना में पंजीयन के लिए लग रहे शिविर

## योजना में पंजीयन कराने कलेक्टर ने श्रमिकों से अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशनुसार जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में असंगठित श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से विशेष पंजीयन अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत जिले के नगर परिषद एवं नगरपालिका कार्यालयों में प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के अंतर्गत पंजीयन के लिए शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

कलेक्टर द्वारा श्रमिकों से अपील की गई है कि वे इन शिविरों में पहुंचकर योजना का लाभ लें। प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए एक स्वैच्छिक एवं अंशदायी पेंशन योजना है, जिसका उद्देश्य श्रमिकों को बुढ़ापे में आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है। योजना के तहत 18 से



40 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे श्रमिक, जिनकी मासिक आय 15 हजार रुपये या उससे कम है, वे नामांकन कर सकते हैं। 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर उन्हें प्रतिमाह 3 हजार रुपये की पेंशन प्रदान की जाती है। योजना में श्रमिकों को आयु के अनुसार 55 रुपये से 200 रुपये प्रतिमाह तक का अंशदान 60 वर्ष की आयु तक करना होता है। लाभार्थी की मृत्यु होने पर उसके पति या पत्नी को 50 प्रतिशत अर्थात 1500 रुपये प्रतिमाह पारिवारिक पेंशन के रूप में प्रदान किए जाने का प्रावधान है। योजना के अंतर्गत स्ट्रीट वेंडर, रिक्शा चालक, निर्माण श्रमिक, घरेलू कामगार, हम्माल, कृषि श्रमिक तथा अन्य असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिक आवेदन कर सकते हैं।

पंजीयन के लिए श्रमिकों का आधार कार्ड, जनधन बैंक खाता तथा मोबाइल नंबर आवश्यक दस्तावेज हैं। इच्छुक श्रमिक कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) अथवा संबंधित पोर्टल के माध्यम से भी पंजीकरण करा सकते हैं। कलेक्टर बालागुरू के ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शिविरों में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा अधिक से अधिक पात्र श्रमिकों का पंजीयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि जिले के असंगठित श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा का लाभ समय पर मिल सके।

## कर संग्रहण में सीहोर नपा ने मारी बाजी, प्रदेश की टॉप.10 सूची में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

नगरीय निकायों को वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सीहोर नगर पालिका ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

कर संग्रहण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए मध्यप्रदेश सरकार ने सीहोर सहित प्रदेश की 10 चुनिंदा नगर पालिकाओं को प्रोत्साहन राशि जारी की है। राज्य शासन ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कुल 2.20 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त संकेत भोंडवे के अनुसार राज्य स्तर पर गठित विशेषज्ञ समिति ने राजस्व संग्रहण के कड़े मानदंडों पर निकायों का मूल्यांकन किया था।

इस मूल्यांकन में सीहोर नगर पालिका ने अपनी कार्यकुशलता और पारदर्शिता का परिचय देते हुए प्रदेश की शीर्ष 10 नगर पालिकाओं में स्थान बनाया है। सीहोर के साथ इस सूची में विदिशा, खरगोन, मंदसौर और बैतूल जैसे शहर भी शामिल हैं।

### जारी हुई दूसरी किस्त

योजना के सफल क्रियान्वयन के तहत चयनित निकायों को प्रोत्साहन राशि की पहली किस्त 55 लाख रुपये पहले ही दी जा चुकी है। अब आयुक्त द्वारा 55 लाख रुपये की दूसरी किस्त भी जारी करने के आदेश दे दिए गए हैं। इस राशि का उपयोग नगर पालिका अपने वित्तीय सुदृढ़ीकरण और विकास कार्यों के लिए कर सकेगी।

### आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम

इस योजना का मुख्य उद्देश्य स्थानीय निकायों को टैक्स वसूली के प्रति प्रोत्साहित करना है ताकि वे सरकारी अनुदान के साथ-साथ स्वयं के राजस्व से भी आत्मनिर्भर बन सकें। सीहोर नगर पालिका के इस प्रदर्शन से शहर में विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद है।